हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्रों को मिल रहा लाभ : रजाना



10 जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेशः मलिक



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल तथा कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने डूमरखां कलां टी प्वायंट पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस पकडे गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव डूमरखां कलां टी प्वायंट पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### 945 ग्राम गांजा फूल पत्ती सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए नशा तस्करों की जड़ मुल तक पहुंचते 945 ग्राम मादक पदार्थ गांजा फूल पत्ती सप्लाई करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई सुरेंद्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सप्लायर टोहाना निवासी राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### शॉपिंग काम्प्लेक्स में युवक पर हमला

**जींद।** हुडा शॉपिंग काम्प्लेक्स में मंगलवार सुबह कुछ युवकों ने एक युवक पर लोहे की रॉड, डंडों और ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते तब तक हमलावर युवक मौके से फरार हो चुके थे। घायल को दो युवक बाइक पर बैठा कर अपने साथ ले गए। फिलहाल यह पता नही चल पाया है कि हमला क्यों हुआ और हमलावर कौन थे।

### दो बाइकों के बीच भिड़ंत में 2 घायल

**कैथल।** कस्बा ढांड में दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में दो व्यक्ति घायल हो गए। कुरुक्षेत्र के जयनारायण ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 10 दिसंबर को दोपहर के समय वह मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त विष्णुदत्त के साथ कुरुक्षेत्र से कैथल की ओर आ रहा था। जब वे ढांड बस अड्डे के पास पहुंचे तो अज्ञात बाइक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते उन्हें टक्कर मार दी।

### फोन पर पंच को धमकाया, केस दर्ज

**जींद।** गांव पेगां के पंच को फोन पर धमकी देने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव के पंच नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### दो मामलों में उद्घघोषित अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** अपराध व अपराधियों के खिलाफ एसपी उपासना के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में 2 मामलों में 2 पीओ आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआई कृष्ण लाल द्वारा वर्ष 2020 के चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी गुरविंद्र सिंह निवासी पंजौला पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवती लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड से युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रोहतक रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### स्वामित्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

**कैथल।** सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में भू मालिक पोर्टल पर संपति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वामित्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

## दूसरे दिन भी पार्षदों का विरोध जारी

# विधायक का नप में हस्तक्षेप बंद नहीं होने तक जारी रहेगा धरना

### शहर के विकास कार्यों में बाधा, स्थानीय शहरी विकास मंत्री के पास पहुंचेगा मामला

### हाउस की बैठक में पारित प्रस्तावों पर नहीं हो रहा काम



जींद। मांगों को लेकर धरने पर बैठे पार्षद। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद में पार्षदों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पार्षदों ने चेताया कि जब तक विधायक का नगर परिषद में हस्तक्षेप बंद नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। वह स्थानीय शहरी विकास मंत्री कमल गुप्ता से मिल कर मामले को अवगत करवाएंगे। नगर परिषद सदस्यों के धरने पर बैठने से विकास कार्यों में बाधा पहुंच रही है। नप उपचेयरमैन अर्चना शर्मा के प्रतिनिधि हरीष, वार्ड 30 के पार्षद सतीश हरियाणवी, वार्ड के 22 से बलबीर श्योराण, वार्ड 21 सतपाल कुंडू, वार्ड 11 से पार्षद हरिश अरोड़ा ने कहा कि वे 19 पार्षद चेयरमैन समर्थित हैं। उनके वार्डो के अस्टीमेट बने हुए हैं लेकिन काम नही हो रहे हैं। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा उनके वार्डों के विकास कार्यों मे भेदभाव कर करवा रहे हैं। विधायक के खेमे मे 12 पार्षद हैं। जिनके वार्डों में विकास कार्य हो रहे हैं। नप अधिकारी चेयरमैन की बजाय विधायक के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। उनके वार्डों में विकास कार्यों के टेंडर तो दूर की बात है। अधिकारी अस्टीमेट भी नही बना रहे हैं। कोई विकास कार्य उनके वार्डों में नही हो रहे हैं। केवल विधायक सर्मथक पार्षदो के 12 वार्डों में कार्य हो रहे हैं। वार्डों में कार्य न होने के कारण लोग भी उन्हे कोस रहे हैं। काम न होने पर वे लोगो को क्या जवाब दें। जबकि लोगो ने उन्हे वोट देकर पार्षद चूना है। नप के अधिकारी विधायक के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। काफी रुपया नप के पास है लेकिन अस्टीमेट न बनने के कारण कोई विकास कार्य उनके वाडारें में नही हो रहे हैं। जबकि चेयरमैन तथा विधायक दोनों भाजपा से हैं। विधायक के लिए पूरा शहर समान होना चाहिए। जरूरत पड़ी तो मामला विभाग के मंत्री और सीएम तक पहुंचाया जाएगा। नगर परिषद हाउस की बैठक में जिन विकास कार्यों को करवाने के प्रस्ताव पारित किए गए, उनके टेंडर रुके पड़े है।

### तकनीकी अड़चन

विधायक डा. कृष्णा मिड्ढा विकास कार्यों में भेदभाव कर रहे हैं। डी प्लान के तहत विधायक ने केवल अपने गुट के 12 पार्षदों के वार्डों में ही स्ट्रीट लाइट के लिए पैसा दिया है। 19 वार्ड छोड़ दिए गए हैं। इसके अलावा भी चेयरपर्सन गुट के 19 पार्षदों के विकास कार्यों के टेंडर में कोई न कोई तकनीकी अड़चन लगा कर काम रोके जा रहे हैं।

# सफाई कर्मचारियों ने की नारेबाजी

- डोर-टू-डोर के सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना





राजौंद । अपनी मांगों को लेकर धरना देते डोर डोर के सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले डोर टू डोर के सफाई कर्मचारियों ने धरना दिया। धरने की अध्यक्षता अजय ने की जबकि मंच का संचालन ब्लॉक सचिव जोगिंदर ने किया। ब्लॉक प्रधान ने कहा कि प्रशासन व बैठेकेदार के बीच कई बार वार्ता हो चुकी है लेकिन उनकी मांगों का कोई समाधान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा की डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगे हैं जिसमें चार रविवार का कटा हुआ वेतन दिया जाए 500 रुपए दिवाली का बोनस बकाया है वह दिया जाए चालकों की सैलरी चालकों वाली मिलनी चाहिए, साबुन तेल वर्दी जूता, सफाई किट दी जाएं, सोनू कर्मचारी का नंवबर माह का वेतन खाते में दिया जाए। इसके अलावा सभी कर्मचारियों का वेतन हर महीने की 5 तारीख तक दिया जाए। इन सब मांगों को लेकर धरना दिया गया। इस दौरान कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, कलायत से सोनू पुंडरी से बिट्टू व राजपाल सीवन से सोनू साथियों ने धरने मे शामिल होकर समर्थन किया।

# विदेश में रह रहा भांजा बन 10 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तथाकथित भाजे ने दोस्त की पत्नी को बीमार बता मामा को दस लाख रुपये का चूना लगा दिया। जब मामा ने आस्ट्रेलिया बैठ भाजे से सर्पक साधा तो ठगी का खुलासा हुआ। साइबर थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नेहरा निवासी जगतार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 4 दिसंबर को उसकी बेटी का अमेरिका के लिए साक्षात्कार था और उसने अपनी बेटी को अमेरिका भेजने के लिए रूपयो का इंतजाम कर रखा था। लेकिन उसकी बेटी कामयाब नहीं मिली। जिस कारण वह काफी परेशान था। उसी दिन दोपहर को उसके मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से काल आई। जिसने उसे बातो मे उलझा लिया। उसने आस्ट्रेलिया मे रह रहा उसका भांजा जग्गी समझ कर बात करनी शुरू कर दी।

### इन्कम का झांसा दे 1.39 लाख का चूना

**जींद।** यूटयूब ब्लॉगर्स की पोस्टों को लाइक करने, शेयर व सब्सक्राइबर्स करने का झांसा देकर एक महिला को एक लाख 39 हजार रुपये चूना लगाने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी दीपशिखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो अक्टूबर को उसके फोन पर व्हाट्सअप मैसेज आया। जिसमें बताया गया कि उसे आनलाइन काम दिया जा रहा है। उसे बताया गया कि उसे यूटयूब ब्लागर्स की पोस्टों पर लाइक, शेयर व सबसक्राइबर्स करना है। उनके अनुसार उसने काम करना शुरू कर दिया। उसके बाद उसे टेलीग्राम चैनल से बात करने के लिए कहा गया। जिस पर उसके खाते मे 300 रुपये आए। फिर उन्होंने सिक्योरटी राशि एक लाख 39 हजार रुपये अलग-अलग खातों में डलवा लिए। उसे बताया कि उसकी राशि एक लाख 91 हजार रुपये बन गई है।

# गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में धरना

- हत्या के प्रकरण का पर्दाफाश कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग



राजौंद । मुख्यमंत्री के नाम एसईपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में मंगलवार को राजपूत समाज ने नगर के महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया। राजपूत समाज ने हत्या के प्रकरण का पर्दाफाश कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग भी की। मंगलवार दोपहर को राजपूत समाज के लोग कैथल असंध रोड पर महाराणा प्रताप चौक पर जमा और गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में धरना दिया। धरने के बाद तहसीलदार को दिए ज्ञापन में राजपूत समाज के लोगों ने कहा कि वह सुखदेव सिंह गोगामेडी की सरेआम हत्या का विरोध करते हैं। राजपूत समाज सरकार से मांग करता है कि हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए। पूरे प्रकरण की एनआईए द्वारा जांच करवा कर पूरे षडयंत्र से पर्दाफाश किया जाए। जिस संगठन या व्यक्ति का हत्या में हाथ है, उसे सख्त सजा दी जाए। पंजाब सरकार ने राजस्थान सरकार को पहले ही इनपुट दे दिया था।

# एसआई व इएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

- मारपीट के मामले से आरोपी का नाम हटाने को लेकर मांगी थी 70000 रुपये रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल





विजिलेंस विभाग कुरुक्षेत्र की टीम ने भागल चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह और इएसआई हरपाल सिंह को 10000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। संबंध में विजिलेंस टीम को दी शिकायत में संदीप ने बताया कि उसका भागल चौकी में मारपीट का मामला था। उसने आरोप लगाया कि आरोपी सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह ने मामले से उसका नाम निकालने के लिए बार-बार उसे ब्लैकमेल करते 50000 की रिश्वत ली थी। बाद में जांच अधिकारी इएसआई हरपाल सिंह को बनाया गया। हरपाल सिंह ने भी उसे 10000 की रिश्वत ली थी। उसने बताया कि दोनों आरोपी उसे 10000 की और मांग कर रहे थे। भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारियों को गिरफ्तार करवाने को लेकर उसने इसकी शिकायत विजिलेंस कुरुक्षेत्र को दी ताकि आरोपियों को गिरफ्तार करवाया जा सके। विजिलेंस कुरुक्षेत्र की टीम ने कार्रवाई करते टीम का गठन किया। टीम के कहे अनुसार जैसे ही उसने मंगलवार रात 7:30 बजे 10000 की रिश्वत आरोपी सब इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह और इएसआई हरपाल शर्मा को दी तो विजिलेंस की टीम ने मौके पर दबिश देते दोनों को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उनके कब्जे से 10000 की रिश्वत की राशि भी बरामद की है। विजिलेंस कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा की कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया । बता दें कि भागल पुलिस चौकी कैथल के साथ लगती है तथा जिले के अधीन आती है। ऐसे में शिकायतकर्ता ने कुरुक्षेत्र की टीम को शिकायत करना तथा विजिलेंस कुरुक्षेत्र की टीम ने दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार करना विजिलेंस टीम कैथल की कार्यवाही पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है।बता दे की हाल में ब्लैकमेलिंग के एक मामले में एक महिला पुलिस अधिकारी का नाम भी आया था।



जींद। रानी तालाब के पास खुला पडा मैनहोल जिसे अब ठीक कर दिया गया है।

### सीवरेज के मैनहोल को किया ठीक

**जींद।** जींद विकास संगठन समय-समय पर शहर के विकास की लडाई लडता रहा है। इसी कड़ी में संगठन ने शहर में खुले पडे सीवरेज के मैन होल पर ढक्कन लगाने की मांग की थी। संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते इस मैनहोल पर ढक्कन लगाने का काम शुरू कर दिया है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल का कहना है कि शहर में अनेकों समस्याएं है, जिनको लेकर लोग परेशान रहते हैं। ऐसी समस्याओं को वे प्रशासन से मिल कर दूर करवाने के लिए मिलते रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शहर में खुले पड़े सीवरेज के मैनहोल की समस्या उठाई। संबंधित विभाग ने अब इन मैनहोल पर ढक्कन लगाने का काम शुरू कर दिया है। गोयल का कहना है कि इसी कडी में रानी तालाब शाही महल होटल के पास खुले पडे मैनहोल को ठीक कर दिया गया है। उस पर सीमेंट लगाकर ढक्कन लगा दिया गया है। गोयल का कहना है कि शहर में जगह-जगह खुले पड़े सीवरेज के मैनहोल कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

# जल निकासी न होने से दुकानदार दुःखी

- हाइवे सड़क के दोनों तरफ बने है पानी की निकासी के लिए नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



पुराने बस स्टॉप पर हाइवे के नजदीक बने गंदे पानी की निकासी को लेकर नाला।

उपमंडल कार्यालय से लेकर पुलिस थाना तक हाइवे पर सड़क के दोनों तरफ गंदे पानी की निकासी को लेकर बनाए गए नाले दुकानदारों के लिए परेशानी बन रहे है। यहां पर जो पानी नालों में भर जाता है उसकी कई-कई दिनों तक निकासी नहीं होती। नाले में मच्छर पनपने से दुकानदारों को बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। यहां पर हाइवे फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान गंदे पानी की निकासी को लेकर नाले बनाए गए थे। यहां पर जो पानी नालों में आता है उसकी निकासी कई-कई दिन तक नहीं नहीं होने से पानी में मच्छर पनपते है। राकेश बूरा, यशपाल, सुभाष पांचाल ने कहा कि जो नाले बनाए है उनकी नियमित रूप से सफाई नहीं होती है। जो पानी नालों के अंदर आता है उसकी निकासी का भी प्रबंध नहीं है। पहले नालों के ऊपर पक्का लेंटर लगाया था जो अब टूट चुका है। अब नाले ऊपर के कंक्रीट के पत्थर रखे है। यहां पर पहले की तरह पक्का लेंटर कई-कई फीट तक लगाने के साथ नियमित रूप से सफाई की जाएग ताकि जो पानी नालों के अंदर आता है वो कई दिनों तक नालों में जमा न रहे।

# चोर बेखौफ : पुलिस लाइन से वाहनों के पार्टस ले उड़े बदमाश

- पुलिस ने मालखाना मोहर्र की शिकायत पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बेखौफ चोरों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि थाने को भी निशाना बनाने से नही चूक रहे हैं। ऐसा ही मामला पुलिस लाइन में सामने आया है। जहां से सिविल लाइन थाना की माल मुकद्मा की दो गाड़ियों से पार्टस चोरी हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मालखाना मोहर्र की शिकायत पर चोरी करा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन थाना के मालखाना मोहर्र एएसआई अनिल कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि पुलिस ने गत 19 मार्च को नशीले पदार्थ तस्करी में फोरच्यूनर गाड़ी को पकडा था। जिसमें थाने के मालखाने में जमा करवाया गया था। इसी प्रकार वर्ष 2022 के 86 नंबर मुकद्मे में सीएनजी ऑटो माल मुकद्मे के तहत मालखाने में जमा है। दोनों वाहनों का नौ नवंबर को अधिकारियों के आदेश पर पुलिस लाइन में खड़ा किया गया था। जिनकी समय-समय पर जांच की जाती है। गत दिवस जब वह उसने फोरच्यूनर तथा ऑटो को चैक किया तो फोरच्यूनर का बोनट खुला हुआ था। उसमें से बैटरी तथा पार्टस गायब थे।

## पिंडदान कर पितृ तर्पण किया व सुखद भविष्य की कामना

# साल की अंतिम भौमवती अमावस्या पर किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार को वर्ष 2023 की अंतिम भौमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया व सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। फिर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की।

### पितरों को खुश करने के लिए उत्तम

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंगल को भौम भी कहा जाता है। इस वजह से यह भौमवती अमावस्या है। मान्यता है कि नाराज पितरों को खुश करने के लिए आमवस्या तिथि एक उत्तम दिन है। भौमवती अमावस्या के दिन हनुमान जी की पूजा करने से जीवन में आने वाले संकटों से मुक्ति मिलती है और पितरों का आशीष प्राप्त होता है। इसके अलावा अमावस्या तिथि को दान करने का भी विधान है। ऐसा करने से पितर खुश होते हैं और सुख स्मृद्धि बढ़ती है।



पूंडरी। विधायक रणधीर गोलन अनाज मंडी आढ़तियों से बातचीत करते हुए।

### अनाज मंडी में 19 लाख रुपये से बनेगा भव्य पार्क

**पूंडरी।** विधायक चौधरी रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि हलका पूंडरी में विकास कार्यों की बाढ़ सी आई हुई है। यहां हर वर्ग के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। आमजन के चाहे प्रशासनिक कार्य हों या सामुदायिक कार्य सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाता है। हलका में मजदूर, किसान, व्यापारियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जाता है। विधायक चौधरी रणधीर सिंह गोलन 19 लाख रुपये से बनने वाले पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने उपरांत हलका वासियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक रणधीर सिंह के अनाज मंडी में पहुंचने पर शहर वासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभी शहरवासियों नें फूल-मालाओं से अपनें प्रिय विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि पहले इस जगह कूड़े के ढेर लगे रहते थे। इस मौके पर अशोक बंसल प्रधान, रणजीर प्रधान, विनोद बंसल, दयाला सेठ, शेखर साह, अजमेर गोलन, जितेंद्र राणा, बलजीत पार्षद, मनदीप मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गांव घसो खुर्द आएंगे आज डिप्टी सीएम

**उचाना।** हलके के घसो खुर्द गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आएंगे। 13 दिसंबर को जोन प्रभारी बलजीत के यहां आयोजित कार्यक्रम में वो पहुंचेगे। कार्यालय प्रभारी प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि कार्यकर्ताओं से भी रूबरू यहां होंगे। यहां से डिप्टी सीएम नरवाना हलके के दौरे पर जाएंगे। यहां आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचेंगे।

### 90 हलकों में पहुंचेंगी आप की बदलाव यात्रा : आयुष

**उचाना।** आप छात्र विंग प्रदेशाध्यक्ष एवं पीयू प्रधान आयुष खटकड़ ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में कोई भी बदलाव हो तो उसकी शुरूआत जींद से होती है। रैली में दो लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। 9 दिनों में 90 हलकों में बदलाव यात्रा पहुंचेंगी। यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति के बदलाव के लिए प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा।

### गुरुकुल विद्यापीठ ने सिल्वर पर साधा निशाना

**जींद ।** गोहाना रोड स्थित गुरुकुल विद्यापीठ के 11वीं कक्षा के छात्र साहिल ने गत नौ से 10 दिसंबर को नडियाड स्पोर्ट्स अकेडमी गुजरात की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। साहिल ने इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना द्वारा आयोजित तीरंदाजी में कांस्य पदक प्राप्त किया।

### दस गांवों में आज पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**जींद ।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार 13 दिसंबर को जिला के सात खंड अलेवा, जींद, जुलाना, नरवाना और पिलूखेड़ा, सफीदों व उचाना में पहुंचेगी और विभिन्न 14 ग्राम पंचायतों को कवर करेगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला के सात खंडों के सभी 14 गांवों में कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### राहत कोष से सहायता के लिए करें आवेदन

**जींद ।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया सरल एवं आसान हो जाएगी। सीएमआरएफ चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### 1121 धान के भाव में आया ठहराव

**उचाना।** कुछ दिनों से धान 1121 के भाव में बढ़ोतरी के बाद अब ठहराव आ गया है। 4800 रुपए प्रति क्विंटल के आस-पास के भाव किसानों को अधिक से अधिक मिल रहे है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि इन दिनों 3961 कम से कम तो अधिक से अधिक 4800 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव 1121 धान के किसानों को मिल रहे है।

### एसडी स्कूल घिमाना की कबड्डी टीम अव्वल

**जींद।** जिला स्तरीय खेल महाकुंभ फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। सभी प्रतिभागी ब्लॉक अपना दम दिखाते हुए खेले। एसडी स्कूल घिमाना की अंडर-19 व 17 लड़कों की कबड्डी की टीम ने सभी ब्लॉकों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### संदिग्ध हालात में मां बेटी लापता, केस दर्ज

**जींद ।** नरवाना से मां बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है।

नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे। जब वह घर लौटा तो उसकी पत्नी तथा बेटी घर से गायब मिली।

---

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति का सर्वांगीण विकास

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्रों को मिल रहा लाभ : रजाना

लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** योजनाओं का लाभ देते भाजपा नेता जसमेर रजाना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत मंगलवार को जींद जिला के गांव दिल्लूवाला, रायचंदवाला, ईंटलकलां, जाजवान, बराडख़ेड़ा, बूराडैहर, धर्मगढ़, दबैलन, अमरावलीखेड़ा, पिल्लूखेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। मंगलवार को गांव ईंटलकलां व जाजवान में जींद के बीडीपीओ फूल सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की।

बीडीपीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ष्अंत्योदयष और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आधार मान कर ही गरीबी मिटाने का कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाइन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वगोंर् तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वगोंर् के लोगोंए महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केंद्र व रा'य सरकार की स्कीम की जानकारी जन.जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। गांव बराडख़ेडा व बूराडैहर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रभारी रामफल शर्मा तथा सुखदीप बुआना शामिल हुए।

#### ये रहे मौजूद

धर्मगढ़, दबैलन में भाजपा के भगवती प्रसाद बागड़ी तथा दिल्लूवाला में आयुष विभाग के डा. तरसेम तथा गांव के सरपंच आतिश व रायचंद वाला में सरपंच रानी देवी, पिल्लूखेड़ा खंड के अमरावली खेड़ा, पिल्लूखेड़ा गांव में भारतीय जनता पार्टी के जसमेर रजाना तथा सोशल मीडिया के राजबीर रोहिला ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रमों में सभी मुख्यातिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सभी को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग की अनुबंधित नाटक मंडलियों द्वारा लगातार नाटक व गीतों के माध्यम से केंद्र व रा'य सरकार की कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर डा. 'योति, डा. डिंपल, सीएचओ डा. विजयपाल, सुशील शर्मा, इशवंती देवी, सुनीता देवी, राजेश कुमार, पवन कुमार, रामदयाल, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

---



**अलेवा।** रायचंदवाला गांव में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## सभी वर्गों को सरकारी की योजनाओं से जोड़ा जा रहा

- स्वास्थ्य विभाग के स्टालों पर उमड़ी भीड़, 167 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जिला प्रशासन ने दिल्लूवाला तथा रायचंदवाला गांव में कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्लूवाला के सरपंच अतेश व रायचंदवाला की सरपंच रानी ने की।

मुख्यातिथि के रूप में नगूरां पीएचसी प्रभारी डा. दीक्षा यादव व खंड समन्वयक नरेंद्र श्योकंद ने भाग लिया। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी वर्गों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 167 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें 31 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा टीबी के लक्षण दिखने वाले 18 लोगों के नमूने लिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

खंड समन्वयक नरेंद्र श्योकंद व डा. दीक्षा यादव ने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा दिलाई गई। खंड समन्वयक व सरपंचों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश का विकास हो रहा है। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य, आयुष्मान, जिला समाज कल्याण, आयुष, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों की तरफ से स्टाल लगाकर पात्रों को लाभावित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ रामरति, स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, संजय कुमार, सुभाष, विनोद कुमार, कृष्ण रेढ्ढू, अभिषेक, एएनएम सविता, केलो, नवीन, संतोष के अलावा आशा वर्कर मंजू, प्रोमिला, धर्मदेई, सीमा, मुकेश, ग्राम सचिव सुलतान बधाना के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया

- राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के तहत शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



**जुलाना।** कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवक। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय कॉलेज में एनएसएस द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. यशपाल ने की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना इकाई इंचार्ज नीरज धानिया ने स्वयंसेवकों को सुबह का योगाभ्यास कराया। कार्यक्त्रम अधिकारी डा. एसके ने कचरा प्रबंधन व संरक्षण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व के साथ भारत में यह बड़ी समस्या का विषय है। क्योंकि जनसंख्या वृद्धि के साथ शहरीकरण और औधोगिकरण के आर्थिक विकास के परिणामस्वरुप शहरी कूड़े करकट की मात्रा बहुत बढ़ गई है। कूड़े करकट से जमीन तो खराब होती है लेकिन उसको जलाने से वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। इसलिए आज के समय में इस समस्या को देखते हुए इसका सही प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि कचरा प्रबंधन की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसलिए अति आवश्यक है कि सभी को इस विषय पर जागरुक किया जाए और इस विषय के बारे में सभी लोगो को परिचित करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर डा. निशु गुप्ता, मीना राणा, दिलबाग, डा. सुरेंद्र कुमार, अभिषेक आदि महाविद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### सुनील क्वॉलिटी काउंसिल के एक्जीक्यूटिव मेंबर नियुक्त

**जींद।** क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने हरियाणा के जींद जिले के गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील जागलान को एक्जिक्यूटिव मेंबर नियुक्त किया है। चेयरमैन जक्षय शाह ने सुनील को एक्जीक्यूटिव मेंबर बनने का पत्र जारी किया है। सुनील जागलान देशभर के सभी रा'यों में पंचायती राज में गुणवत्ता लाने के लिए काम करेंगे तथा इसके सशक्त करेंगे। क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया क्वालिटी विलेज तैयार करने के लिए सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल को एडॉप्ट भी किया हुआ था तथा पहले उन्हें देशभर में सरपंचों को ट्रनिंग देने के रिसोर्स पर्सन के तौर पर मौका दिया था और अब उन्हें सीधे एक्जिक्यूटिव मेंबर नियुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि सुनील जागलान ने देश की पहली हाईटेक ग्राम पंचायत, पहली महिला हितैषी ग्राम पंचायत के अलावा ग्राम सचिवालय से लेकर ई-ग्राम सभा का मॉडल भारत सरकार को दिया।

## राहुल अव्वल, प्रियांशु द्वितीय

- राजकीय महाविद्यालय में तकनीकी निबंध लेखन प्रतिस्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय जींद के तत्वावधान में भौतिकी विभाग द्वारा चंद्रयान-3 मानव ज्ञान की सीमाओं का विस्तार विषय पर तकनीकी निबंध लेखन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के अनेकों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का समय है, विज्ञान में मानव के जीवन में आने वाली बहुत सी कठिनाइयों को दूर किया है। इसी कड़ी में हर देश ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को विकसित किया है। हमारे देश ने विश्व में पहली बार चंद्रयान द्वारा चांद के दक्षिणी धुरव पर कदम रखा है। राजकीय महाविद्यालय जींद के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित तकनीकी निबंध लेखन प्रतिस्पर्धा के द्वारा विद्यार्थियों ने लेखनी से हमारे देश की उपलब्धि को बड़ी ही सुंदरता से दर्शाया है। कार्यक्रम में आशीष , रचना व रेणु जाखड़ निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष के प्रियांशु द्वितीय व बीएससी प्रथम वर्ष की बबीता तृतीय रही। प्राचार्य सत्यवान मलिक और भौतिकी विभाग के अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---


ओम इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम में छात्रों से रूबरू होते अनिल मलिक।

### कामयाब जीवन निर्माण हर इंसान का उद्देश्य हो : मलिक

**उचाना।** दरोली खेड़ा के ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बाल संरक्षण एवं जीवन निर्माण हेतु मनोवैज्ञानिक प्रेरक युक्तियां विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा पर पूरा ध्यान देते हुए घर, शैक्षणिक संस्थान, समाज में किसी भी तरह की उपेक्षा, शोषण, दुर्व्यवहार, हिंसा की स्थिति से सुरक्षित रखना ही बाल संरक्षण है। हर किसी को यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति आपके साथ किसी भी तरह से शारीरिक संपर्क की पहल ना करें, किसी भी तरह से विचारों, व्यवहार में उत्तेजना पैदा करने वाले कार्य ना करें, जो काम बच्चा खुद कर सकता है उनके ऐसे निजी काम को करने के लिए अधिक सहयोगी ना हो। उन्होंने कहा कि कामयाब जीवन निर्माण हर इंसान का उद्देश्य होना चाहिए। बाल्यावस्था से ही मानव जीवन का उद्देश्य समझना होगा। जो ज्ञान की प्राप्ति से शुरू होता है। जाति-पाति, रंगभेद, ईर्ष्या, द्वेष मन में उत्पन्न नहीं होने चाहिए। आपकी सेहत, समय, शिक्षा, रिश्ते, श्रद्धा एवं आत्म विश्वास सफल जीवन की आधारशिला है।

## जनआक्रोश रैली का निमंत्रण दिया

- विधायक ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** कार्यकर्ताओं के साथ मिलते विधायक सुभाष गांगोली। *फोटो :हरिभूमि*

25 दिसंबर को सफीदों की पुरानी अनाज मंडी में होने वाली कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश रैली के निमंत्रण कार्यक्रम के तहत विधायक सुभाष गांगोली ने हल्का सफीदों के जामनी, भूरान, कालवा, हाड़वा, ऐंचरा कलां समेत आधा दर्जन से ज्यादा गांवों का दौरा किया और रैली के लिए कार्यकर्ताओं को निमंत्रण दिया। निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि 25 की जन आक्रोश रैली को लेकर पूरे हल्के की जनता में भारी उत्साह व जोश है। जनता अपने प्रिय नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सुनने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित है। निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान विधायक सुभाष गांगोली की अध्यक्षता में गांव कालवा से सुरेंद्र ठेकेदार कुंडू अर्थ मूवर्स, सुभाष कुंडू, नरेश कुमार ब्लॉक समिति सदस्य, सरपंच प्रत्याशी लखी राम, स'जन पाल फौजी, वीरभान कुंडू समेत सैंकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। विधायक ने दौरान सरकार की खामियों और कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुभाष गांगोली का गांव वालों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया और रैली में भारी संख्या में पहुंचने का विश्वास दिया। विधायक ने भी हल्का वासियों से 25 की रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।



**जींद।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### जैव विविधता संरक्षण विषय पर सेमिनार का आयोजन

**जींद।** राजकीय उच्च विद्यालय अमरहेड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडेला, राजकीय उच्च विद्यालय शाहपुर में वन मंडल अधिकारी रोहताश बिरथल के मार्गदर्शन में जैव विविधता संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के जींद रेंज ऑफिसर देवेंद्र लाठर व हरियाणा रा'य जैव विविधता बोर्ड की जिला समन्वयक विष्णु कुमारने विद्यार्थियों को जैव विविधता के महत्व और संरक्षण के बारे में बताया कि कैसे आज का युवा महत्वपूर्ण योगदान दे सकत है। इस मौके पर विद्यार्थियों को पौधागिरी और प्राणवायु पेंशन योजना के बारे में भी बताया। देवेंद्र लाठर ने बच्चों से आह्वान किया कि वह 'यादा से 'यादा पौधे लगाएं व उनकी सुरक्षा करें। अपने जन्मदिन और शादी पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस मौके पर वन रक्षक राजेंद्र कुमार ने बच्चों को लाइफ स्टाइल के बारे में बताते हुए कहा कि वह अपने लाइफ स्टाइल चेंज करके पर्यावरण संरक्षण में क्या योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को हरियाणा रा'य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए।

---

राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** प्रदर्शनी में विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भूगोल विभाग, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंपयूटर विभाग, वनस्पति विज्ञान व जंतु शास्त्र विभाग की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रदर्शनी में मुख्यअतिथि प्राचार्य सत्यवान मलिक, जयनारायण , मुनीष, जितेंद्र कुमार ने छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल का निरिक्षण किया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विज्ञान प्रदर्शनी का महत्व बताते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है और जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का समावेश हो चुका है। रोबोट आज हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। रसायन विज्ञान के सड़क दुर्घटना के बचाव में उपयोग होने वाले सेंसर्स के मॉडल पर प्राचार्य ने सड़क दुर्घना से कैसे बचा जाए, इसके बारे में छात्राओं को अवगत कराया। प्रदर्शनी में भूगोल विभाग से पिंकी व साक्षी बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका मॉडल वेस्ट इनिसिरेशन था, जिसमें कूडे-कचरे से विद्युतिकरण कैसे किया जा सकता है के बारे में बताया गया। नैनिका व सोनिया बीए तृतीय वर्ष ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वनस्पती विभाग में प्रीति व प्रियंका बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही। जंतु शास्त्र विभाग में अनीषा व अंजलि बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राएं प्रथम स्थान पर रही। रसायन विज्ञान विभाग में महक व महक बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राएं प्रथम स्थान पर व नैंसी और काफी बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राएं दूसरे स्थान पर रही। कंप्यूटर विभाग में अंजलि व खुशबू बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं प्रथम स्थान पर और मुस्कान व अंजलि बीसीए तृतीय वर्ष की छात्राएं दूसरे स्थान पर रही।

#### ये रहे मौजूद

भौतिक विज्ञान विभाग में श्वेता व पलक आरोड़ा बीएससी द्वितीय वर्ष (कंप्यूटर विभाग) ने प्रथम स्थान और पूर्णिमा और काफी बीएससी द्वितीय वर्ष (कंप्यूटर विभाग) ने दूसरा स्थान तथा पूजा व तनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य संयोजक डा. संजय आरोड़ा (वनस्पति विभाग) रहे, जिनके पर्यवेक्षण में विज्ञान प्रदर्शनी का महाविद्यालय में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य अजीत सिंह, आशी मित्तल, गुरदीप, ईशा बंसल, मनोज मलिक, रमेश, मंजू, डा. सोनल जैन, डा. हिमांशु गर्ग, 'योति मेहंदीरत्ता, विरेंद्र, डा. संदीप राणा मौजूद रहे।


जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरित करते पूर्व बीईओ किताब सिंह भनवाला।

### विद्यार्थियों को जर्सियां और जुराबें वितरित की

**जींद।** जींद के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी किताब सिंह भनवाला ने राजकीय उच्च विद्यालय सिवाहा के आठवीं, नवमी और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को गर्म जर्सियां व जुराबें अपनी ओर से भेंट की। राजकीय उच्च विद्यालय सिवाहा के मुख्य अध्यापक राजेश शर्मा ने बताया कि बताया कि स्कूल में एक सादा समारोह आयोजित किया गया। इसमें किताब सिंह भनवाला ने स्कूल में आकर प्रत्येक विद्यार्थी को उनके माप के अनुसार जर्सियां दी गई और जर्सियों के साथ-साथ एक.एक जोड़ा जुराब भी दी। इस मौके पर पूर्व बीईओ किताब सिंह भनवाला ने अपने संबोधन में बताया कि सिवाहा का प्राइमरी स्कूल 1980 में मिडिल स्कूल अपग्रेड हुआ था। इसके मुख्य अध्यापक के रूप में सबसे पहले उन्होंने 1981 में मुख्य अध्यापक के रूप में कार्य भार संभाला था। यह उनका खुद का गांव भी है, इसलिए इनका खुद का गांव होने के नाते और मिडिल स्कूल में पहले मुख्य अध्यापक के रूप में कार्यरत होने के कारण स्कूल से इनका गहरा लगाव रहा है। इसी कारण उन्होंने इस स्कूल में जर्सियां दान करने की योजना बनाई और स्कूल के मुख्य अध्यापक को इसकी जानकारी दी। स्कूल की तरफ से अनुमति मिलने पर 12 दिसम्बर को जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। किताब सिंह भनवाला के साथ रामनगर के पूर्व सरपंच मदन सिंह मलिक भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कार चालक पर ईंटों से हमला, पांच नामजद

**कैथल।** गांव खेडी संदल वाली में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव खेड़ी संदल वाली के गुरमीत ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि वह कार चलाता है। गांव किठाना में कार चालकों के दो ग्रुप हैं प्रदीप ग्रुप व रोहताश ग्रुप। उसका उठना-बैठना व बोलचाल गांव किठाना के प्रदीप ग्रुप के साथ है। इस कारण रोहताश ग्रुप उससे रंजिश रखे हुए है। नौ दिसंबर को रात करीब 11 बजे वह उसके ताऊ के लडके राममेहर को लेने के लिए बस अड्डा किठाना पर गया था।

### बुद्धिजीवी लोगों को जोड़ेगी जजपाः सिंह

**गुहला-चीका।** जननायक जनता पार्टी अपने संगठन को और मजबूत करने के लिए हल्का स्तर पर बुद्धिजीवी लोगों को अपने साथ जोड़ेगी। इसके लिए जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश स्तरीय अभियान चलाएगी। यह बात बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रो रणधीर सिंह ने कही। वे मंगलवार को चीका आगमन पर बुद्धिजीवी लोग को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रो रणधीर सिंह ने बुद्धिजीवी सेल के पदाधिकारियों को संगठन मजबूती बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कर्मी हड़ताल पर होने से सफाई व्यवस्था चरमराई

**पूंडरी।** ग्रामीण आंचल में आजकल सफाई कर्मचारियों के धरने और हड़ताल पर होने के चलते सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, परंतु बीडीपीओ कार्यालय के अधिकारी और ग्राम सचिव गांवो का दौरा भी नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या को लेकर वे अधिकारियों से बार-बार संपर्क कर रहे हैं परंतु ग्राम सचिव देवेंद्र कुमार तो उनकी कॉल भी अटेंड नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम सचिव गांवों में आते तक नहीं हैं।

### डॉ अशोक ने तुर्की में पढ़ा शोध पत्र

**कैथल।** स्थानीय आरकेएसडी कॉलेज कैथल के राजनीति शास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार अत्रि ने केयसेरी विश्वविद्यालय, केयसेरी तुर्की में अंतरराष्ट्रीय इनर्जी कांफ्रेंस -3 में ऑनलाईन पांचवें सत्र की अध्यक्षता की। इसमेंपाकिस्तान, नाईजीरिया, इंडोनेशिया एवं भारत के कुल 09 शोध-पत्र शामिल रहे। डॉ अत्रि ने अपना शोध-पत्र 'भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता : नये स्त्रोतों की तलाश' भी प्रस्तुत किया। इस शोध पत्र में भारत के आर्थिक विकास के साथ बढ़ती ऊर्जा मांग, नये सतत स्त्रोतों की आवश्यकता एवं भारत के द्वारा किए गए प्रयासों का विश्लेषण किया गया है।

### मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ केस

**कैथल।** अमरगढ़ गामड़ी में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने मामले में चार व्यक्तियों को नामजद किया है। गामड़ी के संदीप ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को शाम के समय आरोपी समीर, माटा, हरप्रीत व विकास ने उस पर ईंटों व बोतलों से हमला कर चोटें मारी। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ईश्वर सिंह ने भागल व बलबेहड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में की शिरकत

# आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभः विधायक

विधायक ईश्वर सिंह ने साढ़े 7 करोड़ रुपये से होने वाले उरलाना माइनर की पाइप लाइन के पुन: निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका



गुहला-चीका। विधायक ईश्वर सिंह जन संवाद कार्यक्रम में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर नौकरी देने के अलावा आम जन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद के माध्यम से लाभपात्रों को सरकारी सेवाएं उनके घर द्वार पर उपलब्ध कराने में सरकार अपना दायित्व निभा रही है। संकल्प यात्राओं का गांव-गांव में भव्य स्वागत हो रहा है और लोग इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक सहभागी बन रहे हैं। विधायक ईश्वर सिंह मंगलवार को गांव भागल व बलबेहड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ईश्वर सिंह ने सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते कहा कि आमजन सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। अंतिम छोर तक के व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है। यदि किसी भी व्यक्ति के परिवार पहचान पत्र में कोई त्रुटि है तो उसको भी शिविर में ठीक किया जाता है। पात्र व्यक्तियों को गैस-सिलैंडर प्रदान किए जाते हैं, ताकि उनका जीवन सुखमय हो सके। यही नहीं पहले भी अंत्योदय उत्थान मेलों के माध्यम से भी जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वयं का कारोबार शुरू करने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर एसडीईएम कृष्ण कुमार, बीडीपीओ राजबीर सिंह, राजेश पिंटू, सुदेश शर्मा, गुरमेल पुनिया, दलवारा सिंह, रामदिया, रिंकू, बलवान रंगा ,सुभाष शर्मा, राम सिंह, रामेश्वर एडवोकेट, लीलाराम,भूपेंद्र आदि मौजूद थे।

**करोड़ों के विकास कार्य संपन्न**

विधायक ने कहा कि गांव भागल में करोड़ों रुपये के अनेकों विकास कार्य संपन्न करवाए गए हैं। गांव में बड़ी तेजी से सीवर लाईन व पाईप लाईन डालने का कार्य चल रहा है। भागल-मैंगड़ा रोड पर 15 करोड़ रुपये से पुल के निर्माण कार्य चल रहा है। दिवाना वाली सड़क पूरी करवाई गई है, जिस पर 1 करोड़ 31 लाख रुपये, चीका वाली सड़क पर 2 करोड़ 57 लाख से अधिक की धनराशि से पूरी करवाई गई है। सब यार्ड का निर्माण करवाया गया, जिस पर 4 करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक राशि, गेर वाटर वर्क्स योजना पर 1 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि, इसी प्रकार करोड़ों रुपये से ई-लाईब्रेरी, अंबेडकर भवन, मॉडर्न आंगनवाड़ी, मॉडर्न पौंड, कई गलियों, स्कूल में विकास कार्य, आरसीसी पाईप लाईन आदि संपन्न करवाए गए हैं।

### बड़सिकरी खुर्द तथा बड़सिकरी कलां में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कलायत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गांव बड़सिकरी खुर्द तथा बड़सिकरी कलां में यात्रा पहुंची। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होकर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया तथा सभी को विकसित राष्ट्र की शपथ भी दिलाई गई। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक दिन दो गांव में जाकर मौके पर ही लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों की सुनवाई भी मौके पर की जाती है। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी व लाभ दिया जा रहा है। उज्ज्वला योजना, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, नैनो उर्वक का उपयोग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, हर घर जल, जल जीवन मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में आमजन मानस को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने मौके पर विकसित राष्ट्र विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को भी सम्मानित किया।



पूंडरी। जिला परिषद के उप-प्रधान कर्मबीर कौल तथा टयोंठा में बीजेपी महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी विकसित राष्ट्र की शपथ दिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## गांव मोहना व टयोंठा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- लोगों को दिया विभिन्न योजनाओं का लाभ व जानकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

मंगलवार को गांव मोहना व टयोंठा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में जहां एक तरफ ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा मोहना में जिला परिषद के उप-प्रधान कर्मबीर कौल तथा टयोंठा में बीजेपी महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी शामिल रही। कार्यक्रमों में जनता से सीधे रूप से जुड़े कृषि विभाग, बागवानी विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, क्रीड, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाई, जिनका निरीक्षण मुख्यातिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोगों को उज्ज्वला योजना के बारे में बताया गया और पात्र महिलाओं के योजना के तहत कनेक्शन के लिए आवेदन लिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक लोगों का बीपी और शूगर चैक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को उनके कल्याण के लिए दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इसी प्रकार से बागवानी विभाग व कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही सब्सिडी योजनाओं के बारे में बताया ताकि अधिक से अधिक किसान योजनाओं का लाभ उठा सकें। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं की जानकारी दी । कल्याण विभाग ने लोगों को छात्रवृत्ति व मकान मरम्मत के लिए मिलने वाली सहायता राशि के बारे में बताया। कार्यक्रमों में किसानों को ड्रोन के बारे में जानकारी दी गई। एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संदेश सुनाया गया। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्य व योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

## कश्मीरी लाल को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



राजौंद। गांव सेरधा में आयोजित कार्यक्रम में शाहीद की पत्नी का सम्मान करते एसोसिएशन के सदस्य व अन्य। फोटो: हरिभूमि

पूर्व सैनिकों ने सवार्ेच्च बलिदानी कश्मीरी लाल को श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेरधा में सवार्ेच्च बलिदानी कश्मीरी लाल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। बलिदानी कश्मीरी लाल बाघा पुराना पंजाब में आंतकवादियों से लोहा लेते.लेते मां भारती की रक्षा करते हुए 12 दिसंबर 1990 को अपनी शहादत दी थी। उनकी पुण्यतिथि पर इनकी पत्नी संतरों देवी ने ज्योति प्रवजलित करके बलिदानी को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि आज उनकी याद में स्कूल में जोड़ मेले का आयोजन किया गया। इस जोड़ मेले में शहीद परिवार गांव के गणमान्य व्यक्ति, पूर्व सैनिक, स्कूल के छात्र.छात्राएं व स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी में देशभक्ति की एक भावना का जज्बा दिखाई देऐ रहा था। इस दौरान लोक गायक कलाकार कर्मवीर फौजीत खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप व मुख्य शिक्षक बिशन सिंह तथा अध्यापिका पिंकी देवी ने भी देशभक्ति गीतों के साथ शहीद को श्रद्धांजलि दी। से मास्टर अशोक कुमार एवं कैप्टन नर सिंह ढुल ने आयोजन को सम्मापन में उपस्थित सज्जनों का स्वागत किया।

### अनाज मंडी में धान की आवक जारी

**कैथल।** धान का सीजन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कैथल की नई अनाज मंडी में धान की आवक जारी है। पिछले दो दिनों से बासमती धान के दामों में कुछ गिरावट देखी जा रही है लेकिन 1121, मुच्छल व 1509 के भाव ठीक मिलने से किसान खुश है। मंगलवार को 1121 धान के के भाव 4850 रुपये प्रति क्विंटल, 1718 के भाव 4760 रुपये प्रति क्विंटल, बासमती के भाव 6100 रुपये प्रति क्विंटल तक मिले हैं। बता दें कि पिछले दो सीजन से हैफेड खरीद एजेंसी द्वारा भी बासमती धान की खरीद मंडियों से की जा रही है। इससे भी भाव में काफी अंतर आया है। जहां पिछले सीजन में पांच हजार रुपये प्रति क्विंटल तक बासमती धान बिका था।

## कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

- सांसद सुरजेवाला के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश में हो रही मजबूत: भाणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। सांसद सुरजेवाला के नेतृत्व में सतबीर भाणा के साथ कांग्रेस में अन्य दलों को छोडकर शामिल होते साथीगण। फोटो: हरिभूमि

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा की अगुवाई में आज हलका पूंडरी से काफी संख्या में साथियों सहित दिल्ली एआईसीसी कार्यालय में पहुंचकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला में आस्थ जताते कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सभी का स्वागत करते कहा कि कांग्रेस में शामिल सभी सदस्यों को पूरा मान-सम्मान दिया जाऐगा और आप सभी के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इसके बाद आज कस्बा पुण्डरी में अपने कार्यलय में एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा ने बताया कि आज सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होने वालों में गांव डीग से मौजूदा सरपंच प्रतिनिधि रोहतास बैरागी ने बीजेपी को छोड़ा, गांव डीग से रामपाल नैन लिल्लू ने जजपा को छोड़ा, गांव टयोंठा से भूपेंद्र राणा मज्जू ने इनैलो को छोड़ा, फरल से विक्की राणा ने भाजपा को छोड़ा, आढ़ती मोहन राणा आदि ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की।



### बॉक्सिंग में द्वितीय रही जिले की लड़कियां

**कैथल।** कैथल की लड़कियों ने किया कमाल हरियाणा सीनियर स्टेट वोमेन बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो 7 से 10 दिसंबर 2023 को देवा बॉक्सिंग एकेडमी पलवल में करवाई गई इसमें कैथल की खिलाड़ियों ने ओवर ऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें मनीषा 60 केजी में गोल्ड मेडल, सीवी 66 केजी में गोल्ड मेडल, स्नेहा 81 केजी में सिल्वर मेडल, निकिता 48 केजी में कांस्य व नेहा +81 केर्जी में कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी आर के एस डी कालेज में प्रैक्टिस करती है और कैथल का नाम रोशन किया। इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों ने कोच राजेंद्र सिंह, कोच विक्रम दूल और कोच गुरमीत को दिया। कोच गुरमीत ने बताया कि मनीषा व सीवी का चयन नेशनल के लिए हुआ है। आज कैथल पहुंचने पर इन खिलाड़ियों का स्वागत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस मौके पर डीएसओ सुमन मालिक ,कोच प्रशांत, कोच राजेश, कोच अमरजीत, कोच विजय, राष्ट्रपति अवार्डी अनिल कुमार, प्रोफेसर गुरदीप भोला, अनूप धीमान, रणधीर ढांडा, सुनील पीटीआई, महिंदर पीटीआई, संदीप डीपी उपस्थित रहे।

## नशा न करने का दिया संदेश

- नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत रेस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। दौड़ प्रतियोगिता में दमखम दिखाती खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम के इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार की जागरूकता टीम बनाई गई है। मंगलवार को नशा मुक्त हरियाणा मुहीम तहत जाट ग्राउंड कैथल में एक रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें लड़के-लड़कियों ने रेस लगाकार नशा ना करने का संदेश दिया गया। यह आयोजन रमन व रिम्स अस्पताल कैथल द्वारा पुलिस के सहयोग से करवाया गया। इस दौरान लड़के-लड़कियों की 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1600 मीटर की रेस हुई। रेस में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार कैथल अनिल बिढान द्वारा नशा ना करना का संदेश देते हुए मौजुद आमजन व स्कूली बच्चो को नशा ना करने की शपथ दिलवाई गई। डीएसपी ललिल कुमार द्वारा युवाओं को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया।



### जरूरतमंद बच्चों को बांटी जर्सियां

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पुंडरी द्वारा राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद छात्रों को गर्म जर्सी वितरित कि गई। शहर के लक्ष्मी भट्टा कंपनी संदीप बंसल व अग्रवाल युवा सभा के मुनीश मित्तल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर 200 जरूरतमंद बच्चों को जरशियाँ वितरित की गई। कार्यक्त्रम की शुरुआत प्राचार्य धर्म सिंह मोहना एवं शाखा अध्यक्ष श्रवण सिंगला ने दीप प्र'वलित करके और वंदे मातरम से की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण सिंगला ने कहा कि संपन्न व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार नेक कमाई में से जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए, क्योंकि शास्त्रों में भी लिखा है कि दान देने से कभी भी धन नहीं घटता है। हाथ से किया हुआ दान और परमात्मा का लिया गया नाम इस लोक और परलोक दोनों में मनुष्य को सुख प्रदान करता है और यही असली पूंजी होती है। आपके इस प्रयास से किसी के चेहरे पर भी एक खुशी की मुस्कान आना और उसको इस प्रकार की कड़ाके की सर्दी से बचाना आपके जीवन को सार्थक सिद्ध करता है।

## 22 व 23 को भाई उदय सिंह किला परिसर में होगा महोत्सव

# भव्य मनाया जाएगा गीता जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल




कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी 22 व 23 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव भव्य और गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित तैयारियां समय रहते पूरी कर लें। भाई उदय सिंह किला परिसर में हवन यज्ञ से गीता महोत्सव की शुरूआत की जाएगी और इसी दिन प्रदर्शनी का उद्घाटन भी होगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं, परियोजनाओं संबंधित विषयों को लेकर स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा समाज सेवी संस्थाएं भी अध्यात्मिक और पौराणिक दृष्टिकोण से सहयोग करेंगी। डीसी प्रशांत पंवार मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में गीता जयंती महोत्सव मनाने को कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव हमारा अध्यात्मिक पर्व है। इसमें संबंधित अधिकारी, समाज सेवी संस्थाओं और ऐच्छिक संगठनों को आमंत्रित करते हुए एक रूप रेखा तैयार करें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ग्लोबल चैंटिंग के लिए बच्चों को तैयार किया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शौचालय स्थापित करने के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था भी करें। बैठक में उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन स्थल पर लेवलिंग का काम सुचारू रूप से होना चाहिए। सभी दीवारों पर सफेदी इत्यादि करवाकर तय नियमानुसार गीता के श्लोक लिखवाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को हमारे अध्यात्मिक और पौराणिक परिवेश बारे व्यापक रूप से जानकारी मिल सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम थीम पर आधारित होने चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कुलधीर सिंह, एसडीएम कपिल कुमार व कृष्ण कुमार, सीईओ जिप अश्वनी मलिक, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, तहसीलदार अनिल बिढ़ान, नायब तहसीलदार आशीष, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, सीएमओ रेणू चावला, शिव शंकर पाहवा, दिनेश पाठक, सुषम कुमार, टेक चंद, सुरेंद्र बिट्टू, राजू डोहर, रामजी लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मानवाधिकार सम्मान दिवस मनाया

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल




कैथल। राष्ट्रीय मानवाधिकार मनाते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

जिला जेल, कैथल में अशोक कुमार कम्बोज जेल अधीक्षक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियन्त्रण ब्यूरो कैथल के सौजन्य से जिला जेल, कैथल में अर्न्तराष्ट्रीय मानवाधिकार सम्मान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला जेल, कैथल पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्या के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया व प्रधान द्वारा मानवाधिकार ब्यूरो के कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी व जेल अधीक्षक से विस्तार से विचार-विमर्ष किया। उन्होने आश्वसत किया कि मानवाधिकारों की सम्पूर्ण रूप से रक्षा की जाएगी। इस अवसर पर ब्यूरों के जिला अध्यक्ष रूलदू राम, संरक्षक शाम बहादूर खुरानियां, महासचिव सुभाष वर्मा, उपाध्यक्ष हवासिंह, उपाध्यक्ष सुरेष लोधर, नेत्रपाल प्रधान ब्लाक गुहला व रिटार्यड अधिकारी नफे सिंह की उपस्थिति में अषोक कुमार कम्बोज अधीक्षक जेल, सुरेन्द्र कुमार उप-अधीक्षक जेल व अन्य जेल कर्मचारियों को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक ऐतिहासिक होगी

**सफीदों।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश मीडिया कोर्डिनेटर महाबीर मित्तल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक इस बार माहेश्वरी भवन, महमूरगंज, वाराणसी में होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में 16 व 17 दिसम्बर को वाराणसी में बैठक होगी।

### आमजन को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को ऑनलाईन व्यवस्था से घर बैठे ही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ.साथ सरकार द्वारा आम जन की सुविधा के लिए जन सहायक.आपका सहायक एप भी लांच की हुई है। यह ऐप गवर्नमेंट टू सिटीजन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

### मोबाइल पर मिली जान से मारने की धमकी

**अलेवा।** गांव पेगां निवासी एक पंच ने गांव के ही एक युवक पर मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पुलिस को दी है। पेगां निवासी पंच नरेश ने बताया कि गांव का ही अमित उर्फ मीतु मोबाइल फोन पर फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। परिवार के लोगों को शिकायत करने के बाद भी उक्त लोग धमकाने लग गए।

### मोबाइल टॉवर से उपकरण चोरी

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने उद्योग मार्ग स्थित एक मोबाइल टावर से उपकरण चोरी का एक मामला दर्ज किया है। सेक्टर 19 के प्रवीन चहल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि सात दिसंबर को रात के समय अज्ञात आरोपी उद्योग मार्ग स्थित उसके मोबाइल टावर से उपकरण चोरी कर ले गए।

### पांच साल के बच्चे के साथ महिला हुई लापता

**कैथल।** जिले के गांव भाना से एक युवती पांच वर्षीय बच्चे के साथ घर से बिना बताए चली गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। एक युवक ने पूंडरी पुलिस को शिकायत दी कि आठ दिसंबर को उसकी बहन उसके पांच वर्षीय भतीजे के साथ बिना बताए घर से चली गई। वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मलार के छात्रों ने किया विज्ञान पार्क का भ्रमण

**सफीदों।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित विज्ञान पार्क का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मलार के 30 बच्चों ने भ्रमण किया। प्राचार्य डा. योगेंद्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों और अध्यापकों का स्वागत किया तथा पार्क के उद्देश्यों के बारे में बताया। बच्चों ने विज्ञान पार्क का भरपूर आनंद लिया।

### डीएवी स्कूल में मनाई सुब्रमण्यम की जयंती

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव समारोह मनाया गया। डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि सीबीएसई के अंतर्गत दी गई सभी क्रियात्मक गतिविधियां विद्यालय में बच्चों द्वारा करवाई जाती हैंए जिससे बच्चों का संपूर्ण विकास होता है।

### उचाना हलके से दिल का रिश्ता : दीपेंद्र हुड्डा

**जींद।** कांग्रेस राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा का नरवाना जाते समय पुरान बस स्टॉप पर युवा कांग्रेस नेता संदीप वर्मा की अगुवाई में महिलाओं, युवाओं, प्रमुख लोगों द्वारा स्वागत किया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि उचाना हलके से उनका राजनीति नहीं बल्कि दिल का रिश्ता है। हलके के गांवों में जब भी गए है तो यहां के लोगों ने पूरा उत्साह के साथ स्वागत किया।

---

### कंप्यूटर प्रोफेशनल्स की दूसरे दिन भी जारी रही हड़ताल

# दूसरे दिन भी नहीं हो पाए रजिस्ट्री और जमीन खरीद-फरोख्त संबंधित कार्य

ई-दिशा केंद्र पर काम के लिए लोग पहुंचे, वापस लौटे, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। खाली पड़ा तहसील परिसर। फोटो : हरिभूमि

कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के आह्वान पर सरकारी विभागों में कार्यरत कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज मंगलवार को भी दूसरे दिन हडताल पर रहे। तहसील कार्यालय में भी रजिस्टरी से संबंधित कार्य न होने पर दूसरे दिन भी लोगों को भटकते देखा गया। दो दिन में ही 75 से अधिक रजिस्ट्रियां व अन्य जमीन-खरीद फरोख्त के कार्य रूक गए हैं। दिनभर में जिला मुख्यालय पर सैंकडों की संख्या में लोग अपने कामों को लेकर आते हैं। सबसे ज्यादा भीड़ ई-दिशा केंद्र पर रहती है।

ऐसे में हडताल के चलते ई-दिशा केंद्र में सभी कार्य ठप रहे। जिसके चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को डीआईटीएस के तहत आने वाले कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज दूसरे दिन भी हडताल पर रहे। इस दौरान ई-दिशा केंद्र पर कोई काम नही हुआ।

लोग ई-दिशा केंद्र पर आए तो लेकिन ई-दिशा केंद्र में कोई काम नही हुआ। ई-दिशा केंद्र में न ही आरसी व ड्राइविंग लाइसेंस के फार्म भरे जा सके और न ही मकानों व दुकानों की रजिस्टरी हो पाई। इसके अलावा आधार अपडेशन का कार्य भी प्रभावित हुआ। सरकार द्वारा कई योजनाओं को ऑनलाइन किया गया है। जिसके चलते योजानाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। हडताल के चलते आवेदन तक नही हो पाए। सरकारी योजनाओं की फीस भी जमा नही हो सकी।

#### मांगों को लेकर नहीं मिल रहा आश्वासन

जिला प्रधान सुनील मेहरा, महामंत्री नितिन खर्ब ने कहा कि उनकी मांग जिला आईटी सोसायटी (डीआईटीएस) का केंद्रीयकरण करते हुए बजट का प्रावधान किया जाए। सभी कार्यरत्त कर्मचारियों के पद सृजित किए जाएं। एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में किया जाए। 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को पद में अनुभव और योग्यता अनुसार समान काम समान वेतन दिया जाए। सरकार रेग्युलाईजेशन की पॉलिसी बनाती है तो डीआईटीएस को भी शामिल किया जाए। डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को ग्रेच्युटी अधिनियम के तहत लाभ प्रदान किया जाए। डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए। डीआईटीएस में कार्यरत कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि और डीए का लाभ दिया जाए। लगातार चार वषार्ं से उन्हें मांगों को लेकर आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन मांगों को पूरा नही किया जा रहा है।

#### बुधवार से लौटेंगे सभी अपने काम परः रविंद्र

तहसीलदार रविंद्र हुड्डा ने बताया कि कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज की हडताल के चलते रजिस्टरी, फर्द व जमीन की खरीद-फरोख्त से संबंधित सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

दूसरे दिन भी कोई रजिस्टरी हो नही पाई है। बुधवार से कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज वापस काम पर लौटेंगे तो पहले की तरह सभी कार्य सुचारू रूप से शुरू हो पाएंगे। उच्च अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना की जाएगी।

---



### ग्रामीण डाक सेवकों ने शुरू की हडताल

**जींद।** ग्रामीण डाक सेवकों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं का समाधान न होने पर मंगलवार को मुख्य डाकघर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। इस दौरान ग्रामीण डाक सेवकों ने मांगों को लेकर नारेबाजी की। डिवीजन सचिव ईश्वर सिंह ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों को आठ घंटे लाभ सहित अन्य सभी लाभ प्रदान किया जाए। नियमित कर्मचारियों के समान एक जनवरी 2016 से समय संबंधित निरंतरत्ता भत्ता का 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी होने पर तर्कसंगत निर्धारण किया जाए। समूह बीमा करवेज को पांच लाख रुपये तक बढ़ाया जाए। विभागीय कर्मचारियों के साथ समानता में जीडीएस ग्रजुएटी में वृद्धि की जाए। चिकित्सा सुविधा देने, पेंशन प्रदान करने की जाए। सेवाओं को बढ़ाने के लिए लैपटॉप दिया जाए। इस अवसर पर दलबीर सिंह, कृष्ण लाल, देवेंद्र, हैप्पी, विजयपाल, आशु, सुमित पूनिया आदि मौजूद रहे।



### शनि देव मन्दिर में किया पौधरोपण

**सीवन।** समाज सेवी अभिषेक मेहता ने सीवन के शनि देव मन्दिर में अपने साथियों के साथ मिल कर पौधा रोपण किया। अभिषेक मेहता ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए उन्होंने यह बीड़ा उठाया है कि जहां भी स्थान मिले वह पौधा रोपण करते हैं। उन्होंने अ ी तक नगर में और आस पास के सभी गांवों में सरकारी व निजी स्कूलों, मन्दिर एवं धार्मिक स्थानों और सभी सामाजिक स्थानों पर पौधा रोपण करवाया है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम सभी अपने घरों में सभी खुशी के मौके पर पौधा रोपण अवश्य करें। इस अवसर पर राम शर्मा, गोविन्द शर्मा, अभिषेक शर्मा भी मौजूद रहे।

---




### एक दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया

**राजौंद।** सरकारी विद्यालय सोंगल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी गई। जानकारी देने के लिए जेड किंग कंप्यूटर सेंटर कैथल से आए नरेश कुमार रावीश और मंजू प्रिया ने बच्चों को वर्तमान में चल रही साइबर ठगियो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमारे खातों से हमारे सोशल मीडिया सेए कुछ लोग हमारी जानकारी और पैसा चुरा लेते हैं। हमें उसका कई बार बहुत 'याद्या नुकसान भी हो जाता है। जैसे पैसे निकाल लेना या हमारी जानकारी से हमारे को ब्लैकमेल करना। यहां तक की कुछ लोगों को साइबर ठगों द्वारा मरने के लिए भी मजबूर कर दिया जाता है। किस प्रकार से हमें मेल आईडी कीए सोशल मीडिया की और अकाउंट हैक होने की सिक्योरिटी रखनी चाहिए। हमारे मोबाइल, हमारे कंप्यूटर सेट आदि को किस प्रकार से हम सक्योर कर वायरस से बचाए। यह सभी महत्वपूर्ण जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को दी गई। स्वयं सेवकों ने स्वयं स्टेज कंडक्ट किया और देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

## खिलाड़ियों को पूरी सुविधा दे सरकार : डॉ. महेन्द्र

- परीक्षा से पहले संस्था संरक्षक पूर्व डीजीपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जुलाना



जुलाना। खेल स्कूल निडानी का निरीक्षण करते संस्था के संरक्षक डा महेंद्र सिंह मलिक।

चौधरी भरतसिंह मेमोरियल खेल स्कूल निडानी के दोनों स्कूलों का परीक्षा से पहले संस्था संरक्षक प्रदेश के पूर्व डीजीपी डा. महेंद्र सिंह मलिक ने निरिक्षण कर छात्रों और अध्यापकों अपने टिप्स दिए। डा. महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि खेल स्कुल की दोनों संस्थाओ में बच्चों को खेलों और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुविधाएं दी गई है। उन्होंने कहा कि हम बार बार संस्था की और से प्रदेश और केंद्रीय सरकार से पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया है कि खेलों के प्रति जो सुविधाएं सरकार द्वारा दी जाती है वह ऊंट के मुँह में जीरा है उसको बढ़ाने की जरूरत है। डा. महेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में खेलों का हब है और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और प्रदेशों की मार्फत इन राज्यों के खिलाडी ज्यादा मैडल जीतकर लाते है लेकिन बजट सबसे कम दिया जाता है यह खेलों और खिलाड़ियों के उत्साह को गिराने की बात है। सरकार द्वारा गुजरात में खेलों इंडिया का बजट 600 करोड़ दिया गया है पंजाब को 94 करोड़ और हरियाणा को 89 करोड़ का बजट दिया गया है गुजरात में सबसे ज्यादा और खेलों में भागेदारी जीरो प्रतिशत है। देश में पिछले ओलम्पिक में आए 107 मेडलों में से 76 अकेले पंजाब और हरियाणा के खिलाडियों ने जितने का काम किया है। यह सरकार के लिए एक आईना है। अगर सरकार अपना बजट सही दिशा में लगाए तो खेलों की स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। खेल स्कूल निडानी के खिलाडियों ने 146 पदक जीते है लेकिन हम बार-बार सरकार से यहां खेलों इंडिया का खेल सेंटर और खेल नर्सरियां देने मांग कर चुके है लेकिन सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है जो खेलों के प्रति युवाओं के रुझान के गिरावट का परिणाम है।

### आग से लाखों की पराली जली

**जींद।** गांव रामराय बस अड्डे के निकट खेतों में स्टॉक की गई पराली में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये की पराली जल कर नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने मुआवजे की गुहार लगाई है। हिसार के भैणी अमीरपुर गांव निवासी सुरेश ने बताया कि रामराय गांव के पास पिछले 10 सालों से आन रोड जमीन पर पराली का स्टाक किया जाता है। सोमवार को पराली में अचानक आग लग गई। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। लोग अपने स्तर पर भी आग बुझाने में लग गएए लेकिन आग तेजी से फैल गई।

### मेधावी छात्र योजना के लिए 31 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार के अनुसूचित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन करने की तारीख 31 जनवरी तक है। छात्र अपने आवेदन सरल हरियाणाण्जीओवीण्इन पर कर सकते हैं। डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में दसवीं, बारहवीं व स्नातक कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अनुसार अंक प्रतिशत के आधार पर ये स्कॉलरशिप दी जाती है। आवेदन के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, चार लाख रुपये से कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज संलग्न किए जाने आवश्यक है।

## खटकड़ टोल पर बनेगा किसानों की याद में स्मारक

- आजादी के बाद देश के इतिहास का सबसे बड़ा रहा किसान आंदोलन : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना




उचाना। मंच पर मौजूद दीपेंद्र हुड्डा, अनुराग ढांडा, चंद्रशेखर सहित अन्य गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

खटकड़ टोल के पास आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम में खिलाड़ी से लेकर राजनेता, किसान नेता पहुंचे। कार्यक्रम में आए सभी किसानों ने दो मिनट का मौन रख कर किसान आंदोलन में मौत का ग्रास बने किसानों को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस रा'यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल के बाद सबसे बड़ा आंदोलन किसान आंदोलन रहा लेकिन 75 साल के इतिहास में ऐसा अहंकार किसी सरकार में नहीं देखा जो केंद्र, प्रदेश सरकार में नजर आया। प्रदेश से 10 लोकसभा, 5 रा'यसभा में सांसद है। जिनमें से 14 भाजपा के है। मैं जब कहता था कि किसान की मांगों को मानो लेकिन मांगों को मानना तो दूर किसानों को कभी आंतकवादी कहा गया तो कभी कुछ कहा गया। किसान आंदोलन में मौत का ग्रास बने किसानों को लेकर भाजपा के किसी सांसद, मंत्री ने एक शब्द संवेदना का प्रकट नहीं किया।

उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों को जब चोट पड़ी तो पंजाब से अकाली, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के सांसद खड़े नजर आए लेकिन जब हरियाणा के किसानों को चोट पड़ी तो हरियाणा के 14 सांसद किसानों के खिलाफ संसद में खड़े नजर आए। आने वाले समय में समझ कर काम लेना है। जो बात पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह कहते थे कि किसान की एक आंख खेत की ड्योली एक आंख दिल्ली की राजनीति पर आपकी होनी चाहिए। समझदारी से आप फैसला लेना। स्मारक बनाने के लिए सांसद कोटे से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की दीपेंद्र हुड्डा ने की।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीयध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि लिखित तौर पर आश्वसन दिया गया था जब किसान आंदोलन स्थगित हुआ था। नवंबर के महीने की बात है सभी किसान संगठनों ने निर्णय लिया था कि आंदोलन जीत गए हमारी मांगे मानी गई। किसानों पर जो दर्ज मामले थे उनको रद्द करने की मांग को भी माना गया था। हरियाणा में तो डबल इंजन की सरकार है। दोनों सरकारों को हम झेल रहे है। केंद्र सरकार चाहती तो क्या प्रदेश सरकार किसानों पर दर्ज मामले वापिस नहीं होते।

## मतदाता 16 तक अपने बीएलओ से करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर नए मतदाताओं के शुद्धिकरण वोट बनवाने व वोट कटवाने के लिए 16 दिसम्बर तक उपमंडल के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ से सम्पर्क कर सकते हैं। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार दून ने यह जानकारी बुधवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव धनोरी में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए दी। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 13 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक प्रात 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर फार्म प्राप्त करने व भरने का कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी बतौर बीएलओ लगी हुई है वे सभी 13 दिसंबर से 16 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर नागरिकों के दावे व आपत्तियों के फार्म भरना सुनिश्चित करें। उपमंडल निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन नागरिकों का जन्म 1 जनवरी 2006 से पूर्व हुआ हो अर्थात एक जनवरी 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वे नागरिक अपने बीएलओ के पास फार्म नंबर 6 भरकर नए वोट बनवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो उनके परिवार के सदस्य फॉर्म नंबर 7 भरकर उनका नाम मतदाता सूची से हटवा सकते हैं।



### उरलाना माइनर के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कैथल।** विधायक ईश्वर सिंह ने मंगलवार को उरलाना माईनर की पाईप लाईन के पुनः निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस निर्माण कार्य पर करीब साढ़े 7 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विधायक ने कहा कि इसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद थेहबनेहड़ा, बिच्छिया, बलबेहड़ा, रिवाड जंगीर, ककहेड़ी, पीडल, थेह मुकेरिया, खरोदी, सुल्तानिया, अंगौध, मस्तगढ़, तारांवाली, कसौर, रामथली, भूना, खरकड़ा इत्यादि गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह उरलाना माईनर 30 वर्ष पहले ईंटों द्वारा पक्की की गई थी और समय के चलते इसकी हालात अब तक बहुत ही खस्त हो चुकी थी, जिसके कारण इसकी पानी लेने की क्षमता भी खत्म हो चुकी थी। जब भी नहर में पानी आता था तो यह नहर अलग-अलग जगह से टूट जाती थी, जिससे किसानों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इसका निर्माण पुनः से किया जा रहा है, जिससे काफी किसानों को लाभ मिलेगा।

### कैथल में मिडल और 132 स्कूलों के लिए 7 लाख की राशि जारी

## प्रदेश के स्कूलों में करवाई जाएगी रोल मॉडल गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



कैथल। जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्कूल शिक्षा प्रयोजन परिषद द्वारा कक्षा 6 से 8 के 1544 तथा कक्षा 9 से 12 के 1030 स्कूलों में रोल मॉडल गतिविधि करवाई जाएगी इसके लिए विभाग ने एक करोड़ 35 लाख 97000 की राशि जारी कर दी है। जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कैथल में यह कक्षा 6 से 8 के 81 स्कूल तथा कक्षा 9 से 12 के 51 स्कूलों में गतिविधि करवाई जाएगी। इसके लिए विभाग ने 7 लाख की राशि जारी कर दी गई है हमने यह राशि संबंधित स्कूलों में भेज दी है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को समानता के अवसर प्रदान करने के लिए तथा शिक्षा को जारी रखने के लिए उत्साहित करने हेतु हरियाणा राज्य स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा इस गतिविधि का को अनुमोदित किया गया है। रोल मॉडल के माध्यम से बालिकाओं को उच्च शिक्षा एवं सशक्त जीवन के उद्देश्यों को पूर्ण बनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में एक और कदम आगे बढ़ते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी को सशक्त बनाने के उद्देश्य को इस प्रकार की गतिविधि सार्थक करेगी आगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस गतिविधि के तहत रोल मॉडल द्वारा किशोरावस्था में अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोल मॉडल द्वारा अपने अनुभव सांझा करने के बाद स्कूलों में पढ़ रही बालिकाएं अपनी शिक्षा को पूरी करने तथा अपने करियर से संबंधित चुनाव करने में उनसे संवाद स्थापित करेगी विद्यालय स्तर पर इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम या सुपरवाइजर को भी बुलाया जाएगा जो की बालिकाओं को विभिन्न विषयों से अवगत कराएंगी।